भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या: 65
गुरुवार, 23 जुलाई, 2026/1 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

भागलपुर विमानपत्तन का विकास

***65. श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भागलपुर विमानपत्तन पर हवाई पट्टी के विस्तार तथा एटीआर-72 विमान का उपयोग करते हुए वाणिज्यिक उड़ानों के संचालन के लिए रनवे के तकनीकी सर्वेक्षण की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या केन्द्र सरकार ने भागलपुर विमानपत्तन के लिए अतिरिक्त भूमि के अर्जन और वित्तीय आवंटन के प्रावधान के संबंध में बिहार राज्य सरकार के साथ कोई औपचारिक पत्राचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का विचार दिल्ली, कोलकाता और पटना जैसे प्रमुख शहरों के लिए सीधी उड़ान सेवाएं शुरू करने के लिए भागलपुर विमानपत्तन को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उड़ान के अंतर्गत शामिल करने का है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"भागलपुर विमानपत्तन का विकास" के संबंध में श्री अजय कुमार मंडल द्वारा पूछे गए दिनांक 23.07.2026 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या 65 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क(और)ख(: बिहार राज्य सरकार के अनुरोध पर, अप्रैल 2026 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की एक बहु-विषयक टीम द्वारा मौजूदा भागलपुर हवाईपट्टी के विकास के लिए एक व्यवहार्यता अध्ययन किया गया था। इस अध्ययन की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी गई है।

)ग(और)घ(: सरकार ने हाल ही में देश भर में क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए उड़ान योजना के अगले चरण की शुरुआत की है, इस योजना में अगले 10 वर्षों में 120 नए असेवित और अल्पसेवित गंतव्यों को जोड़ने और 4 करोड़ यात्रियों के लिए यात्रा की सुविधा प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। यह योजना एक चैलेंज मोड फ्रेमवर्क प्रदान करती है जिसके तहत राज्य सरकारें विकास के लिए हवाई पट्टियों को निर्दिष्ट कर सकती हैं। प्रस्तावों का मूल्यांकन भूमि की उपलब्धता, अवसंरचना तैयारी, तकनीकी और परिचालन व्यवहार्यता, यातायात क्षमता, वैधानिक मंजूरियों और राज्य सरकार के समर्थन के आधार पर किया जाता है।

******